हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

नेता प्रतिपक्ष ने किया 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

4



## खबर संक्षेप

### अकलतरा में रेल संघर्ष समिति की बैठक आज

**अकलतरा।** नगर में मुंबई मेल एवं आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्टॉपेज सहित अन्य मांगों पर विचार विमर्श के लिए रेल संघर्ष समिति के द्वारा रविवार 12 अप्रैल को स्थानीय रेस्ट हाउस में सायं 05 बजे एक आवश्यक बैठक बुलाई है।समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने नगर एवं क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### महतारी वंदन ई-केवायसी के लिए बीएलई व अधिकारियों को प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महतारी वदंन योजना अंतर्गत हितग्राहीयों के ईं-केवायसी कराने हेतु च्वाइस सेंटर के वीएलई एवं परियोजना अधिकारियों हेतु कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों के ईं-केवायसी कराने हेतु आ रही समस्याओं का निराकरण मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया। ई-केवाईसी का कार्य जून के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण किये जाने की जानकारी वीएलई को प्रदान की गई । कार्यक्रम में जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु पोषण अभियान अंतर्गत जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी पोषण पखवाड़ा का 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजन किया जा रहा है।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, 13 हजार जब्त

**जांजगीर-चांपा।** ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर 10 अप्रैल को शिवरीनारायण क्षेत्र में रेड कार्रवाई की गई। आरोपी मुकुंद केशरवानी उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 भोगहापारा, शिवरीनारायण को मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपये नकद एवं रियलमी कंपनी का एक मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### सारागांव आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** नोडल संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर चाम्पा के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारागांव में संचालित व्यवसाय वर्कशॉप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक जमा कर सकते है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में बनाए गए 612 प्रकरण, डेढ़ करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली

# इधर प्रशासन की कार्रवाई, उधर रेत माफिया कर रहे अवैध खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हसदेव और महानदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन जारी है। प्रशासन ने इस पर लगाम कसने कार्रवाई भी की है, लेकिन रेत माफियाओं का खेल बदस्तूर जारी है। खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 612 प्रकरण बनाकर 1 करोड़ 72 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। इधर रेत माफिया भी प्रशासनिक टीम को छकाते हुए नदियों का सीना छलनी कर रहे है।

जांजगीर चांपा जिले से हसदेव और महानदी होकर गुजरी है। नदी आम जनों के लिए तो जीवनदायिनी है लेकिन रेत माफियाओं ने इसे कमाई का जरिया बना रखा है। जेसीबी, पोकलेन, चैन माउंटेन जैसे मशीनों से लगातार रेत की अवैध खुदाई की जा रही है। रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नकेल कसने टास्क फोर्स बनाया गया है। अधिकारियों की टीम द्वारा जांच और कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बावजूद रेत माफियाओं के अवैध कारोबार पर लगाम नहीं लग पा रहा है। जिला खनिज अधिकारी हिलेन्द्र स्वर्णपाल ने बताया कि जिला उड़नदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित कुल 612 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 74 लाख 19 हजार 220 रुपये की राशि वसूल कर शासन के खनिज मद में जमा कराई गई है। विगत 2 माह में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध कुल 50 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 लाख 73 हजार 176 रुपये की राशि वसूल की गई। अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है।



बम्हनीडीह क्षेत्र में कार्रवाई के बाद जब्त किए गए वाहन।

### संयुक्त टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबारियों द्वारा नदियों से लगातार अवैध खुदाई की जा रही है। दिन हो या रात हर वक्त मशीनों के माध्यम से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार शशिभूषण सोनी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार संजय बरेठ और थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर अवैध रेत उत्खनन में लगे वाहनों पर कार्रवाई की । इस कार्रवाई में 1 जेसीबी, 1 प्लाई एस ट्रेलर, 1 लाल ईंट ट्रैक्टर, 6 रेत से भरे ट्रैक्टर और 1 हाइवा वाहन पर नोटिस चस्पा किया गया। पिछले कु छ दिनों से लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। बम्हनीडीह, पिपरदा और पूछेली क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। टीम ने बम्हनीडीह के साथ-साथ पिपरदा और पूछेली क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध उत्खनन करने वालों को चौंका दिया। अचानक हुई कार्रवाई से कई वाहन मौके से भागने की कोशिश करते नजर आए, वहीं कई वाहनों को मौके पर ही रोककर कार्रवाई की गई। क्षेत्र में पहली बार इतनी सघन कार्रवाई देखने को मिली, जिससे अवैध कारोबारियों में डर का माहौल बन गया है । कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों पर प्रशासन द्वारा नोटिस चस्पा कर स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना वैध अनुमति के खनन गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि वाहन जब्ती जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी । तहसीलदार शशिभूषण सोनी और थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह अभियान चलाया गया है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ।

# चोरों ने घर में बोला धावा, नकदी जेवरात समेत 20 लाख की चोरी

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहेराडीह में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी व जेवरात समेत 20 लाख का माल पार कर दिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने 15 तोला सोना और 85 तोला चांदी के जेवरात के साथ लगभग 60 हजार रुपए नगद को पार कर दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है।



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बहेराडीह निवासी गजराज सिंह चंद्रा के मकान में शुक्रवार 10 अप्रैल की देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने घर में घुसकर बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया और लगभग 15 तोला सोना, 85 तोला चांदी के जेवरात और करीब 60 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला और अलमारी व बक्सों के ताले टूटे हुए पाए गए। इसके बाद परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जैजैपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस टीम इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि चोरों के बारे में सुराग मिल सके। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अस्पताल में घुसकर हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जर्वे (ब) में घुसकर एक युवक ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लव कुमार तिवारी ने 10 अप्रैल को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव का ही कृष्ण मोहन पाण्डेय उर्फ अंकु पाण्डेय अपने कुत्ते को लेकर अस्पताल पहुंचा और उसका वजन कराने लगा। आरोप है कि इस दौरान वह अस्पताल में आई गर्भवती महिलाओं की फोटो खींच रहा था। जब प्रार्थी ने उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए हंगामा करने लगा। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1) और 296 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद 11 अप्रैल को आरोपी कृष्ण मोहन पाण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## बेदखली आदेश को निरस्त करने प्रशासन से लगाई गुहार



एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे वार्डवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में निवासरत कई गरीब परिवारों को बेदखली आदेश जारी किया गया है। नोटिस मिलने के बाद परेशान परिवारों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई। जारी किए गए बेदखली नोटिस के विरोध में प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

इस संबंध में पार्षद भवानी सिंह के नेतृत्व में एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया। आवेदन में बताया गया है कि प्रभावित परिवार पिछले 30 से 35 वर्षों से शासकीय भूमि पर निवास कर रहे हैं और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। इनके पास किसी प्रकार का वैकल्पिक आवास या भूमि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बिना पुनर्वास के बेदखली की कार्रवाई उनके जीवन और आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा कर सकती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत द्वारा बेदखली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की गई है। प्रभावित परिवारों की ओर से आवेदन में कानूनी आधार भी प्रस्तुत किए गए हैं। आवेदन के माध्यम से प्रशासन से प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बेदखली नोटिस एवं कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार, वार्डवासी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### बाराती बनकर ट्रैक्टर में पहुंची पुलिस, 8 जुआरियों को दबोचा

**जांजगीर-चांपा।** जुआरियों को चकमा देने पुलिस टीम ट्रैक्टर में सवार होकर बारात के रूप में कानाकोट पहुंची। इस दौरान खार में जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 26 हजार नगदी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार चौकी फगुरम क्षेत्र के ग्राम कानाकोट में जुआ की सूचना पुलिस को समय समय पर मिलती थी, लेकिन टीम के पहुंचते ही जुआरी भाग निकलते थे। ऐसे में पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की रणनीति तैयार की। चौकी प्रभारी अनवर अली के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम कानाकोट के खार नहर किनारे पहुंची। बाराती के वेश में पहुंची टीम को देखकर जुआरियों को कोई शक नहीं हुआ। जैसे ही पुलिस ने दबिश दी, मौके पर 52 पत्ती ताश से काटपत्ती खेल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से 26 हजार रुपये नगद, करीब 1 लाख रुपये कीमत के 7 मोबाइल फोन जब्त किए। इसके अलावा घटनास्थल के पास खड़ी दो संदिग्ध कारें भी बरामद की गईं। पकड़े गए जुआरियों में दीपक कुमार साहू, शिवम साहू, संजय साहू, भेषज किशोर साहू, देवेंद्र साहू, विरेन्द्र कुर्रे, राकेश कुमार सान्डे और दीपक कुमार चंद्रा के नाम शामिल हैं।




### प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर समस्या से कराया अवगत

# अग्रणी महाविद्यालय में पानी व प्रसाधन की समस्या से जूझ रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चांपा

जिले के अग्रणी महाविद्यालय में पढने लिखने वाले छात्र छात्राएं पानी एवं प्रसाधन की समस्या से जूझ रहे है। इसे लेकर जिम्मेदार महाविद्यालय प्रबंधन को सरोकार नहीं है। इस समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में पहल करने की मांग रखी है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर जिले का सबसे पुराना कॉलेज है। समय के साथ महाविद्यालय का भवन काफी पुराना हो चुका है। वहीं पानी एवं प्रसाधन की समस्या भी महाविद्यालय में बनी हुई है। इसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार 11 अप्रैल को प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही उन्होंने छात्रहित में महाविद्यालय प्रसाधन व नल सुधार के विषय में बात रखी। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि टीसीएल महाविद्यालय में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से अध्ययन करने के लिए पहुंचते है। इस बीच महाविद्यालय में पानी एवं प्रसाधन की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण छात्र छात्राओं को परेशानी होती है। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला संयोजक उदय पाण्डेय, नगर सहमंत्री आर्यन सिंह, महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के छात्र शुभम राठौर, कृष धीवर, पुष्पेन्द्र बन्दे, नीतीश सोनी उपस्थित रहे। इस दौरान महाविद्यालय से संबंधित अन्य विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। अभाविप द्वारा छात्रहित में सदैव पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने की बात कही गई।



प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते अभाविप के पदाधिकारी।


Vijayश्री
HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS BUILDERS PVT. LTD.
RERA CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes
TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College 300 Meter
SECL Head Office 700 Meter
Khel Parisar 700 Meter
Apollo Hospital 1.5 Km
Railway Station 6.5 Km
Gol Bazar & Sadar Bazar (Market) 1.5 Km
Member of CREDAI Confederation of Real Estate Developers' Association of India
Scan for Floor Plan
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for Brochure

## खबर संक्षेप



### महतारी वंदन योजना के तहत वार्ड 27 में केवाईसी शिविर

**कोरबा।** महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के लिए वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर में केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 100 हितग्राहियों का सफलतापूर्वक केवाईसी पूरा किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व पार्षद दिनेश कुमार वैष्णव की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ चॉइस सेंटर संचालक पंकज महेश, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आसमा तथा सहायिका संतोषी चौहान ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए हितग्राहियों का केवाईसी कार्य संपन्न कराया। इस दौरान महिलाओं को योजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी गई और समय पर केवाईसी पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के सफल आयोजन से वार्डवासियों में संतोष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### बिलासपुर तक पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

**कोरबा।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 16 से 27 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा सेक्शन में पैसेंजर ट्रेन के रूप में संचालित किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अवधि में हसदेव एक्सप्रेस का संचालन सामान्य एक्सप्रेस ट्रेन की बजाय पैसेंजर ट्रेन की तरह किया जाएगा, जिससे मार्ग में पडऩे वाले छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी ठहराव मिल सकेगा। इससे खासकर दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कम दूरी के लिए ट्रेन पर निर्भर रहते हैं। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान संचालित की जाने वाली सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समयानुसार ही चलेंगी, जिससे यात्रियों को समय संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही स्टेशनों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके।

### संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने चलाया जाएगा विशेष अभियान

**कोरबा।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जिले में आगामी खरीफ मौसम के मद्देनज़र फसलों के अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप उर्वरकों की सही मात्रा एवं संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के मैदानी अमले को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के तहत किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैज्ञानिक सलाह के अनुसार एनपीके, कॉम्प्लेक्स तथा एसएसपी जैसे उर्वरकों के उचित उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ता है, जिससे दीर्घकाल में मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के समस्त सहकारी समितियों में उर्वरकों के संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उपयोग के संबंध में पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई जा रही है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे यूरिया एवं डी.ए.पी. के अंधाधुंध उपयोग के बजाय मिट्टी परीक्षण, फसल की आवश्यकता एवं वैज्ञानिक सुझावों के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करें। अभियान के माध्यम से किसानों को यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के लाभों के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देते हुए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) के अनुसार उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने किया चैतमा स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत चैतमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध ओपीडी सेवाओं, मरीज़ों के पंजीयन, उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता, लैब तथा प्रसव सुविधा की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद वे वार्ड में पहुँचे और वहाँ भर्ती मरीज़ों से उपचार व्यवस्था के विषय में बातचीत की। कलेक्टर ने वार्ड में भर्ती मरीज़ों के रिकॉर्ड और उपचार पर्ची की जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग कमरों में संचालित हो रही ओपीडी सेवाओं को सुव्यवस्थित करते हुए प्रवेश द्वार के समीप उपलब्ध कक्ष में संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीज़ों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने होम्योपैथी उपचार सेवाओं का अधिकाधिक लाभ मरीज़ों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की बेहतर स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

## दर्री में विकसित होगा वेंडिंग जोन व चौपाटी

# दर्री मुख्य मार्ग होगा सुसज्जित बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, उद्यानों का होगा जीर्णोद्धार



निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं पार्षदगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा से कोरबा रोड में ऊर्जाधानी कोरबा के प्रवेश क्षेत्र एनटीपीसी गोपालपुर दर्री क्षेत्र को अब सुसज्जित किया जायेगा तथा उक्त मुख्य मार्ग पर ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगा, वहीं दर्री क्षेत्र में रोड साईट पर असुरक्षित रूप से व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व्यवसाय स्थल उपलब्ध कराने हेतु एक ओर जहाँ वेंडिंग जोन का निर्माण किया जायेगा, वहीं दूसरी ओर सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण भी होगा, इससे मुख्य मार्ग के किनारे से अवैध कब्जों, अतिक्रमण आदि का व्यवस्थापन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री क्षेत्र के वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, सरोज शांडिल्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, एनटीपीसी व निगम के अधिकारियों के साथ दर्री एनटीपीसी क्षेत्र का सघन रूप से दौरा किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं व समस्याओं का अवलोकन किया। एनटीपीसी गोपालपुर दर्री जमनीपाली कोरबा कटघोरा मुख्य मार्ग में ऊर्जाधानी कोरबा का प्रवेश क्षेत्र है, इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ऊर्जाधानी कोरबा की गरिमा के अनुरूप विकसित किया जाए एवं मुख्य मार्ग में व्याप्त अव्यवस्था, अतिक्रमण व अवैध कब्जों को व्यवस्थित एवं व्यवस्थापित कर मुख्य मार्ग का समुचित विकास किया जाए, इस विषय पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एनटीपीसी व निगम के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिये।

### उद्यानों के विकास व ग्रीन कॉरिडोर पर कार्य करेगा एनटीपीसी

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एनटीपीसी के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुये कहा कि उक्त मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रूप से वृक्षारोपण व उद्यानिकी आदि कार्यो के माध्यम से ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करायें तथा इस सम्पूर्ण क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करें, रोड साईट पर लघु उद्यानों का निर्माण करायें, जीर्ण-शीर्ण उद्यानों का जीर्णोद्धार करें तथा इस हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करें। उन्होने कहा कि उक्त स्थल कटघोरा से कोरबा आने का मुख्य प्रवेश क्षेत्र है, जिसे सजाना, संवारना, व्यवस्थित एवं सुंदर रूप देना सभी का दायित्व है।

### बनेगा वेंडिंग जोन, चौपाटी का होगा निर्माण

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि उक्त क्षेत्र के मुख्य मार्गो में रोड साईट पर अव्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व्यवसाय स्थल उपलब्ध कराने की आवश्यकता को देखते हुये बस स्टैण्ड जमनीपाली के आसपास वेंडिंग जोन व चौपाटी का निर्माण करायें तथा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा कर रोड साईट पर व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को वेंडिंग जोन व चौपाटी में व्यवस्थापित करायें। उन्होने कहा कि इससे एक ओर जहाँ लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व सर्वसुविधायुक्त व्यवसायिक स्थल उपलब्ध हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग व अवैध कब्जों व अतिक्रमण को दूर कर मार्ग का समुचित विकास किया जा सकेगा।

# शहर सौंदर्यीकरण को मिल रहा नया लुक, डिवाईडर बन रहे ग्रीन बेल्ट



पौधे को पानी डालती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा शहर में सौदंर्यीकरण को नित नये आयाम दिये जा रहे हैं, सड़कों को नया लुक मिल रहा है एवं डिवाईडर ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित हो रहे हैं, डिवाईडरों में हरीतिमा के साथ रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में टीपीनगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया।

निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौदंर्यीकरण कर इसे संजाने संवारने की दिशा में नित नये काम किये जा रहे हैं, एक ओर जहाँ शहर की स्वच्छता पर फोकस रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर थीम आधारित पेंटिंग चित्रकारी लघु उद्यानिकी कार्य के साथ-साथ थीम आधारित रोड साईट व डिवाईडर प्लांटेशन पर भी कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में निगम द्वारा टीपीनगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में स्थित मुख्य मार्ग साईट डिवाईडर पर 160 पाम के पौधें रोपित कर ग्रीन बेल्ट का स्वरूप दिया गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में उक्त रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर ने बताया कि उक्त सम्पूर्ण मार्ग पर निगम द्वारा 600 पाम के पौधे रोपित किये जायेंगे, ताकि इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित व सुसज्जित किया जा सके।

# एनटीपीसी में ठेका कंपनियों की मनमानी के खिलाफ श्रमिकों ने पुलिस से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



थाने में पुलिस से शिकायत करते ठेका मजदूर।

एनटीपीसी कोरबा परियोजना में ठेका श्रमिकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। एनटीपीसी में ठेका कंपनियां गुंडागर्दी पर उतारू है। सरकार द्वारा तय वेतन मांगने वाले मजदूरों खुद धमकी देने के साथ काम से हटा दिया जा रहा है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका मजदूरों ने दर्री थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

आर्थिक शोषण से संबंधित शिकायत करने वालों में एसईपीएल, नवरूप इंडिया, बेगिन, केसीपीएल, आरवीपीआर जैसी कंपनियों से जुड़े श्रमिक शामिल है। उन्होंने पुलिस थाना पहुंचकर इन कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोला। ये लोग इन कंपनियों के अधीन काम कर रहे हैं। बिजली घर से संबंधित अलग-अलग प्रकृति के कार्यों में मजदूरों का नियोजन किया गया है। सैकड़ों की संख्या में पुलिस थाना पहुंचे मजदूरों ने बताया कि कंपनियां हमें सरकार द्वारा तय राशि नहीं दे रही है और शोषण कर रही है। कंपनी के द्वारा कहा जा रहा है कि कोरबा जोन सी केटेगरी के अंतर्गत आता है इसलिए उन्हें जो राशि दी जा रही है उससे ज्यादा कुछ नहीं होने वाला है। जबकि सच्चाई ये है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरबा जोन बी केटेगरी में आता है इसलिए पावर कंपनियों में काम करने वाले मजदूर बी केटेगरी के बजाय सी में कैसे शामिल किए जा सकते हैं। श्रमिकों ने कहा कि नियमानुसार उन्हें बी केटेगरी वाले स्केल का लाभ मिलना चाहिए। जब वे बी केटेगरी की राशि की मांग करते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है या फिर नोटिस थमा दिया जाता है। बताया गया है कि कई मामलों में इस तरह की कार्यवाही कंपनियां कर चुकी है और कुछ कर्मियों की छुट्टी कर दी गई है। ऐसा इसलिए किया गया ताकि दूसरे लोग शिकायत के साथ-साथ प्रदर्शन करने से बचें। पुलिस को बताया गया कि नोटिस देने के बाद यह भी कहा जाता है कि उन लोगों को हटाकर दूसरों को कम रेट पर रख लेंगे। कोरबा जिले में सस्ते मेनपावर की कोई कमी नहीं है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि श्रमिकों के अधिकार की बात सरकार कर रही है और औद्योगिक जिले कोरबा में श्रमिकों का शोषण हो रहा है। यह विरोधाभास के साथ विडंबना भी है। सवाल इस बात का है कि क्या एनटीपीसी में मनमानी करने के साथ श्रमिकों का आर्थिक शोषण करने वाली कंपनियों पर कोई कार्रवाई होगी।

# गुणवत्तापूर्वक करें निर्माण कार्य, दोषपूर्ण कार्यों का तत्काल किया जाए सुधार : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड में कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित प्रगतिरत कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माणाधीन भवनों में तकनीकी स्वीकृति (टीएस) के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही दोषपूर्ण कार्यों को तत्काल सुधारने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यस्थलों पर मैनपावर बढ़ाने और लंबित कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाफा में डीएमएफ से निर्मित किए जा रहे चिकित्सक आवास का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर कुणाल दुदावत को निर्माणाधीन भवन में दरवाजे, प्लंबिंग फिटिंग्स और सेनेटरी कार्य तकनीकी प्राक्कलन (टीएस) के अनुरूप नहीं मिली। इस पर उन्होंने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और सब-इंजीनियर पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अमानक स्तर दरवाजों को तत्काल हटाकर टीएस के अनुरूप अनुमोदित मानकों के अनुसार तत्काल बदलने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तैयार हो रहे इस भवन में पुताई की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई तथा नवनिर्मित भवन में कई स्थानों पर सीपेज दिखाई देने पर भी कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। दीवारों में सीलन और दरार की समस्या से बचाव के लिए डबल लेयर पुट्टी और गुणवत्तापूर्ण पुताई कराने को कहा। भवन तक पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड निर्माण और पेयजल व्यवस्था हेतु बोरवेल निर्माण के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने भवन के निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की और सभी कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप करने के निर्देश दिए।



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य।

### स्वास्थ्य केंद्र के ढलाई को तोड़ने के निर्देश

जेमरा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने ढलाई कार्य को तोड़कर पुनः कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्रता से लंबित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने एवं कार्य में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। धौराभांठा में प्रगतिरत आंगनबाड़ी भवन का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के अनुरूप खिड़कियां लगाने, परिसर के जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को हटाने के लिए सूची तैयार करने तथा पंचायत में नए आंगनबाड़ी भवन के लिए सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

नवीन महाविद्यालय पाली में निर्माणाधीन कॉन्फ्रेंस हॉल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी को ठेकेदार को नोटिस जारी करने, कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाने एवं कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। माखनपुर से जूनापारा तक निर्मित पीएम जनमन सड़क का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने सड़क निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही चैतुरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर उन्होंने गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्माण विभाग को निर्देश दिए।

# एनएसयूआई की बैठक में बनी रणनीति, रोजगार दो न्याय यात्रा को लेकर तेज़ हुआ माहौल



बैठक के दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले में युवाओं के रोजगार और अधिकारों को लेकर अब माहौल गरमाने लगा है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में रोजगार दो न्याय यात्रा को लेकर झोराघाट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस आंदोलन को और धार दी। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान, नगर पंचायत छुरी के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन एवं छुरी कला मंडल अध्यक्ष नंद कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में बेरोजगार युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।नेताओं के संदेश जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना हमारी प्राथमिकता है, यह यात्रा उनकी आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनेगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक देवांगन ने कहा कि अब समय आ गया है कि बेरोजगार युवा अपने अधिकार के लिए संगठित होकर आवाज़ उठाएं। मंडल अध्यक्ष नंद कुमार देवांगन ने कहा कि यह यात्रा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने स्पष्ट किया कि रोजगार दो न्याय यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के हक की निर्णायक लड़ाई है, जिसकी शुरुआत 16-17 तारीख के आसपास होने की संभावना है। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष एवं बसीबार उपसरपंच देवेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौबे, हेमंत केवट, जिला महासचिव प्रतिमा कंवर, रवि पटेल, कटघोरा के विधान सभा अध्यक्ष सौरभ कुमार धृतलहरे, संजय चौहान ,चिंटू यादव, राजकिशोर ,आकाश पटेल, लोकेश यादव, अवतार चौहान,रवि सिंदर,संजय चौहान,मोहित साहू, आशीष यादव, गीताराम पटेल, रमेश पटेल, एनएसयूआई के कार्यकर्ता स्तर के सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

**खास बात**

- जिले के युवाओं को रोजगार दिलाने छेड़ा जा रहा मुहीम

# अग्रवाल सभा कोरबा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा कोरबा के चुनाव 2026-28 के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि 4 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। 8 अप्रैल तक मतदाता सूची में दावा आपत्ति मंगाई गई थी जिसका निरकारण कर दिया गया। इसके बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अग्रसेन भवन के पटल पर कर दिया गया। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया में 19 अप्रैल की सुबह 12 बजे नामांकन पत्रों का विक्रय, दोपहर 1 बजे तक नाम नामांकन पत्रों दाखिल किया जायेगा, दोपहर 2 बजे तक नाम नामांकन पत्रों का निरीक्षण एवं सूची का प्रकाशन, दोपहर 4 बजे तक नाम वापसी पश्चात अंतिम प्रत्याशियों की सुची का प्रकाशन (परिवेक्षकगण पुनः एक राय हेतु प्रयास करेंगे सफलता मिलने पर समय बढाया जा सकेगा) 21 अप्रैल को अग्रसेन भवन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक (मतदान समाप्ति के 1 घंटे बाद अग्रसेन भवन में मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा) की जायेगी । इस अवसर पर चुनाव अधिकारी राज अग्रवाल सहायक चुनाव अधिकारी अनिल अग्रवाल, सतीश जलान, मनोज केडिया, सीए अभिषेक अग्रवाल , सीए अशीष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, श्याम लाल अग्रवाल, उपस्थित रहे इस अवसर पर सहायक चुनाव अधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा चुनाव में हिस्सा ले वे समाज के हित में अपना मतदान अवश्य करें।

### सीएचसी बलौदा में एमटीपी की मिलेगी सुविधा, मरीजों को मिलेगा लाभ

**बलौदा।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है। जिसके तहत सीएचसी बलौदा में एमटीपी की सुविधाएं मिलने लगी है। जिसके इंचार्ज डॉ. पी. एस. बैस हैं। साथ ही साथ विगत दिनों निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में ओटी रूम तैयार कर ऑपरेशन कराने हेतु निर्देश दिया गया है, जिसकी तैयारी की जा रही है।

जाँजगीर मार्केट

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

### शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्यौता भोज का आयोजन



**बिर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुन्ना लाल डड़सेना के निधन के बाद तेरहवीं पर उनके सुपुत्र टुकेश्वर डड़सेना ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार 10 अप्रैल को शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के छात्र छात्राओं को न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को खीर, पूड़ी, केला, गुलाब जामुन, चावल, दाल पनीर, आलू , परवल सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, फिरत राम निषाद, मुकुंद कश्यप, रितेश कश्यप, प्रधान पाठक प्रीतम प्रसाद खुंटे, सुरेश चंद रामेश्वर पटेल, रामकृष्ण डड़सेना, राजन कर्ष, श्री पटेल व महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### बहेराडीह में मानस गायन प्रतियोगिता आज

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में आयोजित अखंड नवधा रामायण में लोगों की भीड़ उमड़ रहीं है। नवधा में अंचल के मानस मण्डली और कथा वाचकों के द्वारा रामायण के बालकाण्ड, अयोध्या काण्ड, आरण्ड्य काण्ड, किष्कीधा काण्ड, सुन्दर काण्ड लंका काण्ड और उत्तर काण्ड आदि आठ काण्ड का कथा वर्णन किया जा रहा। रविवार 12 अप्रैल को रात्रि 9 बजे मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवधा रामायण के अंतिम दिवस रविवार को मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित किये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मानस मंडली को नगद 10 हजार रूपये से सम्मानित किया जायेगा। इसी तरह दूसरा पुरस्कार 9 हजार रूपये, तीसरा पुरस्कार 7 हजार रूपये, चौथा पुरस्कार 5 हजार, पांचवा पुरस्कार 4 हजार, छठवा पुरस्कार 3 हजार, सातवा पुरस्कार 2 हजार, आठवा पुरस्कार 1 हजार रूपये से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बतायाकि इसके अलावा प्रतियोगिता में चयनित सभी मानस मंडलियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

### टंकेश्वर बने सक्ती ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण के महामंत्री

**सक्ती।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष विधायक डॉ. चरणदास महंत के मार्गदर्शन और शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार जनपद पंचायत सक्ती के कृषि स्थाई समिति के सभापति टंकेश्वर पटेल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।



टंकेश्वर पटेल के महामंत्री बनने पर न केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है, बल्कि पटेल समाज ने भी नए नेतृत्व के उभरने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। अपनी नियुक्ति के पश्चात टंकेश्वर पटेल ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व और नेता प्रतिपक्ष विधान सभा छत्तीसगढ़ व मार्गदर्शक डॉ. चरणदास महंत के आशीर्वाद से उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ है। टंकेश्वर ने विश्वास दिलाया कि वे वरिष्ठ नेताओं की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## निधन

### पदुमलाल पटेल



**तनौद।** समीपस्थ ग्राम हड़हा के प्रतिष्ठित नागरिक पदुमलाल पटेल का 60 वर्ष की उम्र में शुक्रवार 10 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र कन्हैया पटेल ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं अंचल के स्वजातीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे बरतराम पटेल के सुपुत्र एवं मोहन पटेल के मंझला भाई थे।

### पदुमलाल पटेल



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तथा जनप्रिय होटल के संचालक कबीर पंथी नकुल प्रसाद साहू का शनिवार 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे पूर्व पार्षद भूपेन्द्र साहू के पिता थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये हैं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं परिजन शामिल हुए।

### भरतलाल देवांगन



**चांपा।** स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सूबेदार भरतलाल देवांगन का गुरुवार 9 अप्रैल को मंझली तालाब सीताराम गली स्थित निवास पर निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 10 अप्रैल को हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र तोषण देवांगन ने दी।

घंटों प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करते रहे यात्री, गर्मी में बढ़ी परेशानी

# चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य के लिए दर्जन भर ट्रेनों का परिचालन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले अकलतरा रेल्वे स्टेशन में चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य शुरू किया गया है, जिसके कारण दर्जन भर के करीब लोकल ट्रेनो को रद्द किया गया है। ऐसे में रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर गर्मी के चलते उन्हें हलाकान होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले अकलतरा रेल्वे स्टेशन में चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य प्रारंभ किया गया है। वहीं इसके लिए नॉनइंटरलॉकिंग कार्य शुरू किया गया है, जिसके कारण मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग से होकर आने जाने वाली करीब 10 से अधिक ट्रेनो को रद्द कर दिया गया है, जिसके कारण रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर लोकल ट्रेनो के माध्यम से आवाजाही करने वाले यात्रियों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जांजगीर चाम्पा जिले के चाम्पा, जांजगीर नैला, अकलतरा, कोटमीसुनार, कापन, देवरी सारागांव इसी सक्ती जिले के जेठा, बाराद्वार एवं सक्ती रेलवे स्टेशन के माध्यम से बडी संख्या में रेल यात्री ट्रेनो के माध्यम से आवाजाही करते है। वहीं अकलतरा रेल्वे स्टेशन में चौथी रेलवे लाइन विस्तार कार्य को लेकर शुक्रवार 10 अप्रैल से शनिवार 18 अप्रैल तक करीब 9 दिनो के लिए दर्जन भर के करीब लोकल एवं अन्य ट्रेनो के स्टापेज को रदद कर दिया गया है, जिसके कारण रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य रेल्वे स्टेशनों के माध्यम से रेल यात्री बड़ी संख्या में बिलासपुर, कोरबा, रायगढ, रायपुर, पेन्ड्रारोड, झारसुगडा सहीत अन्य जगहो की ओर आवाजाही करते है, लेकिन अप्रैल महीने के इस गर्मी के सीजन में 9 दिनो के लिए लोकल ट्रेन रद्द होने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं रेल्वे स्टेशनों में भी यात्रियों की भीड़ नजर नही आ रही है।



जांजगीर–नैला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक–4 पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### ये ट्रेनों हुई रद्द, 19 अप्रैल तक परेशान होंगे यात्री

अकलतरा रेल्वे स्टेशन में चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य के चलते ट्रेनों को रद्द किया गया है। रद्द होने वाली गाड़ियों में 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बिलासपुर और रायगढ़ से चलने वाली 68738/68737 बिलासपुर–रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 12 अप्रैलसे 19 अप्रैल तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली 68746 रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली 68734/68733 बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

### दी गई सूचना

अकलतरा रेल्वे स्टेशन में चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य चल रहा है, जिसके कारण 10 लोकल ट्रेनो को रद्द किया गया है। रेल यात्रियों को कोई परेशानी ना हो। इसके लिए ट्रेनो के रद्द होने की सूचना दी जाती है।

-अंबिकेश साहू,
जनसंपर्क अधिकारी
बिलासपुर रेल मंडल

# समाधान शिविर के बाद भी विद्युत उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा



मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना का लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना शुरू की है। इस योजना के शुरू होते ही लोगों के मन में भारी भरकम बिजली बिल से राहत मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन उनकी उम्मीद पर तब पानी फिर गया जब समाधान शिविर में जाकर कुछ लोगों ने अपने भारी भरकम बिजली बिल को कम कराने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कई तरह की समस्या बताकर चलता कर दिया गया। चांपा शहर के एक उपभोक्ता ने बताया वह वार्ड में लगे समाधान शिविर में जाकर अपनी भारी भरकम बिजली बिल को कम कराने की कोशिश की, लेकिन पोर्टल में देखने पर पता चला कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सकता। इसी तरह और कई लोगों में समाधान शिविर में भारी भरकम बिजली बिल की राशि से राहत नहीं मिलने से नाराज है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होने के बाद खासकर बिजली बिल को लेकर लोग बेहद परेशान है। सबसे ज्यादा परेशानी मध्यम और निकले तबके के लोगों को हो रही है। लोगों का कहना है जब से स्मार्ट मीटर लगा है, तब से अनाप-शनाप बिजली बिल भेजा जा रहा है। इसके अलावा कांग्रेस की सरकार में बिजली बिल आधी कर दी गई थी, जिसे लोगों को राहत मिल रही थी लेकिन मौजूदा सरकार लोगों को राहत देने के मूड में नहीं दिख रही है। इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी जांजगीर-चांपा की डीई श्री भारद्वाज का कहना है कि वर्ष 2023 को आधार मानकर बिजली बिल में राहत दी जा रही है। इसके अलावा मोर बिजली एप के माध्यम से हितग्राही यह पता कर सकता है कि उसे बिजली बिल में राहत मिलेगी या नहीं। योजना को लेकर लोगों के मन में असमंजस की स्थिति को दूर करने के लिए प्रचार प्रचार किया जाएगा।

- असमंजस की स्थिति दूर करने प्रचार प्रसार की बात कह रहे अफसर

# 12वीं बोर्ड परीक्षा केन्द्र का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**तालदेवरी-बिर्रा।** बारहवीं बोर्ड परीक्षा हिंदी का पेपर का पुनः 10 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया गया। परीक्षा केन्द्र का नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने निरीक्षण किया गया। परीक्षा में 233 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र में गोपनीय प्रश्न पत्र को पुलिस थाना से राजस्व नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने पुलिस टीम के साथ परीक्षा केंद्र तालदेवरी में लाया गया तथा राजस्व नायब तहसीलदार संजय बरेठ की उपस्थिति में प्रश्न पत्र को सभी के सामने खोलाकर परीक्षार्थी को वितरण किया गया। परीक्षा केंद्र में आंधे घण्टे तक परीक्षा केंद्र में डटे रहे। नायब तहसीलदार संजय बरेठ ने परीक्षा केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा उपकेद्राध्यक्ष बबीता भगत को परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्र में किसी भी को परीक्षार्थी को बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका को सावधानी के साथ पैकिंग की गई। इस दौरान परीक्षा केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा उपकेद्राध्यक्ष बबीता भगत, मनीषा बेबी चौहान, उषा पटेल, योगेश निर्मलकर, सुशील नेताम, अनिता राज, तुलेश्वर देवांगन, हेमन्त कुमार कश्यप, बुंधराम साहू, किशन देवांगन, नागेश देवांगन, सुरेश कुमार के अलावा शिक्षक शिक्षिका भी उपस्थित थे।



# विकसित भारत के लिए मजबूत भाजपा की आवश्यकता : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 20 में जन चौपाल लगाकर वार्ड वासियों एवं हितग्राहियों से संवाद किया गया और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर छग विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल,जशपुर भाजपा संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया,भाजपा जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े,जांजगीर नैला नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव,मंडल अध्यक्ष हितेश यादव,मंडल महामंत्री विवेक सिंह,आशुतोष गोस्वामी,पंकज अग्रवाल, विवेका गोपाल,विकास शर्मा उपस्थित थे.इस अवसर पर जन चौपाल में जनता से संवाद करते हुए नारायण चंदेल ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित भारत के रूप में पूरे विश्व में पहचाना जाएगा परंतु इसके लिए मजबूत भाजपा की आवश्यकता होगी। आज जनता का विश्वास भाजपा सरकार पर बड़ा है,इसकी वजह डबल इंजन सरकार के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्य तथा सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिलना है। उनके पैसे सीधे जनता के खाते में जा रहे है। भ्रष्टाचार की इस सरकार में कोई जगह नहीं है। महतारी वंदन का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा इस वजह मातृ शक्ति में उत्साह का माहौल है। अमर सुल्तानिया ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो राष्ट्रवाद के लिए प्रतिबद्ध है,हमारे लिए देश पहले फिर संगठन उसके बाद स्वयं आते है। भाजपा जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े ने कहा कि पूरे विश्व में आज हमारे देश की विश्वशनीयता का परचम लहरा रहा है इसकी वजह एक सशक्त नेतृत्व नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान पूरे देश में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस अभियान में भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि जन चौपाल लगाकर जनता से रूबरू होकर उनको केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न लाभार्थियों एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन मोतीलाल डहरिया पार्षद एवं संचालन प्रदीप सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उमेश राठौर, अजीत गढ़वाल पार्षद, नंदलाल यादव पार्षद, गुड्डु कहरा पार्षद, पंकज कहरा पार्षद, पुष्पेंद्र निर्मलकर, प्रेमलता कौशिक, दुलौरिन चौरसिया, रितेश राठौर, संजीता माली, संतोषी साहू, उर्मिला निर्मलकर, रिया यादव, सीमा साहू, नीन्नी लदेर, देवानन्द गढ़वाल, सोनू यादव, राकेश रूपवानी,सुशील सिंह,सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- जांजगीर नैला मंडल के वार्ड नंबर–20 में गांव चलो बस्ती चलो अभियान



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# नेता प्रतिपक्ष ने किया 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

विधानसभा क्षेत्र सक्ती के अंतर्गत छ ग राज्य कृषि मंडी बोर्ड निधि से स्वीकृत पुल, पुलिया, चबूतरा सी, सी रोड, हाट बाजार के निर्माण कार्य के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने आदिवासी अंचल ग्राम पंचायत घुइछुआ में 45 लाख से निर्मित होने वाले पुलिया के भूमि पूजन के साथ सभी कार्यों का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर डॉ महन्त ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सक्ती में सड़क स्वास्थ्य शिक्षा एवं अन्य कार्य लगातार हो रहे है, लेकिन वनाच्छादित आदिवासी समुदाय के बहुलता ग्रामो को विकास के वंचित रहा। बरसात के दिनों में नवागांव से दूसरे मुहल्ले में जाने के लिए लम्बा रास्ता तय करना पड़ता था। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घुइछुआ के सरपंच एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ चरण दास महन्त ने वनांचलों में विशेष ध्यान रखा। मंडी बोर्ड से परसदा कला देवर माल के पुलिया निर्माण, ग्राम अचानकपुर बोकरा मुड़ा कंचन पुर बेल्हाडीह कुरदा मोहगांव किरारी कनेटी जोंगरा सिघनसरा सुन्दरेली गिधौरी प्रसापली उच्चभीट्ठी एवं कुरदा में सीसी रोड़, नगर पालिका सक्ती डेरागड नगर पंचायत नया बरद्वार में हाट बाजार, पोडिकला हथनेवरा धनपुर रेडा पलाड़ी खुर्द सकरेली में 4 नग छत दार चबूतरा, सीसी सड़क एवं मंच कार्य स्वीकृति प्रदान किया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा , जिला प्रतिनिधि गुलज़ार सिंह , जिला कॉग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, धीरेंद्र बाजपेयी, गिरधर जायसवाल, पिन्टू ठाकुर, अमित राठौर, रुपनारायण साहू, राजीव जायसवाल, हेमंत डडसेना, जागेश्वर सिंह राज, किशन सोनी, बंटी धनजल, नरेन्द्र शर्मा, चिंटू ठाकुर, भुनेश्वर देवांगन, मंडी विभाग के इंजीनियर सहित ग्रामीण व कॉग्रेस जन तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



विकास कार्यों का भूमि पूजन करते नेता प्रतिपक्ष डॉ .चरणदास महंत।

# लीनेस क्लब ने वितरण किया पक्षियों के लिए सिकोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना पानी रखने के लिए ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स ने लोगों को सिकोरा का वितरण किया। साथ ही लोगों से घरों के सामने, छतों पर पौधे के नीचे सकरोरे में दाना पानी रखने की अपील की।

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सी जी -01 स्वर्णिम में डिसट्रिक्ट लीनेस क्लब सक्ती की चार्टर अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो के नेतृत्व में क्लब ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी दाना रखने हेतु सिकोरा का वितरण किया और लोगों से निवेदन किया कि सभी अपने घरों के बालकनी, छतो और पेड़ पौधों के नीचे पक्षियों के लिए दाना, पानी रखे ताकि वो इस गर्मी में पानी पी एवं नहा अपने शरीर को ठंडक पहुंचा सके लीनेस क्लब के सदस्यों द्वारा समय-समय पर जनहित का कार्य किया जाता है इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डा .शालू पाहवा, सचिव लीनेस निकहत करीम खान, लीनेस लता नायक, लीनेस अनीता सिंह, लीनेस अमृता सिंह रामकुवर साहु, अल्का कंवर, मीरा देवांगन, विनीता जायसवाल, जूनियर पी एस टी सहित क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



लोगों को सिकोरा वितरण करती लीनेस क्लब की पदाधिकारी।

# विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा देने और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के संकल्प के साथ संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती में 'कैरियर कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। कैरियर कॉन्क्लेव में कोटा के प्रसिद्ध एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बहुउद्देशीय कक्ष में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य वी. के. मिश्रा ने स्वागत भाषण में कहा कि संस्कार स्कूल केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही समय पर मिला मार्गदर्शन एक छात्र के जीवन को बदल सकता है। मुख्य अतिथि विशेषज्ञ अमित जोशी (काउंसलर एवं ट्रेनर, भौतिकी – एनईईटी और सनी धनवानी ने सत्र को बेहद रोचक बनाया। अमित जोशी ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों को बताया कि कैसे वे आज से ही एनईईटी, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव रख सकते हैं।उन्होंने तनाव प्रबंधन और करियर चयन की बारीकियों को छात्रों के साथ साझा किया।यह सत्र न केवल विद्यालय के छात्रों के लिए बल्कि क्षेत्र के अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए भी खुला रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मेघादीप द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कार पब्लिक स्कूल भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। इस कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों के मन में करियर को लेकर अजमंस की स्थिति को दूर किया गया। अभिभावकों ने भी स्कूल की इस पहल की जमकर सराहना की। मंच पर प्रधानाचार्या सुश्री रूपल उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही।

- संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती में 'कैरियर कॉन्क्लेव' का आयोजन




कैरियर कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ।




